**Roll No. ........................** **Total Pages : 03**

# GSM/J-21 **1535**

## HINDI (Compulsory)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **6+6=12**

(क) गाँव से मेला चला और बच्चों के साथ हामिद भी जा रहा था । कभी सब-के-सब दौड़कर आगे निकल जाते । फिर किसी पेड़ के नीचे खड़े होकर साथ वालों का इंतजार करते । यह लोग क्यों इतना धीरे-धीरे चल रहे हैं । हामिद के पैरों में तो जैसे पंख लग गए हैं । वह कभी थक सकता है ।

(ख) फिर भी मैंने देखा, उन आँखों में कुछ विचित्र सा भाव था, मानों मालती के भीतर कहीं कुछ चेष्टा कर रहा हो, किसी बीती हुई बात को याद करने की, किसी बिखरे हुए वायुमण्डल को पुन: जगाकर गतिमान करने की, किसी टूटे हुए व्यवहार-तन्तु को पुनर्जीवित करने की और चेष्टा में सफल न रहा हो ।

(ग) खुदा नेक की नेकी रखे और बद की बदी माफ करे । मेरे लिए चिराग नहीं, तुम लोग तो हो । मुझे आकर इतनी ही तसल्ली हुई कि उस जमाने की कोई यादगार है । मैंने तुमको देख लिया तो चिराग को देख लिया ।

(घ) अच्छा होता बसुमति, हम अपना वोट काठ की लाठिया को दे आते, निरजीव लकड़ी को । उठाए उठती तो । बैरी पर वार तो करती । अती चालों के विरोध में पड़ती । पर रनवीर की दुल्हन, तुम तो बड़े घर की बहू ही रही ।

**2.** मोहन राकेश का साहित्यिक परिचय दीजिए । **8**

**अथवा**

कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'फैसला' की समीक्षा कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का प्रत्येक लगभग **150** शब्दों में उत्तर दीजिए : **4×4=16**

(क) ईद की नमाज के द्वारा लेखक ने क्या संदेश दिया है ?

(ख) 'पुरस्कार' कहानी के वातावरण की समीक्षा कीजिए ।

(ग) 'गैंग्रीन' कहानी की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए ।

(घ) 'मलबे का मालिक' कहानी में वर्णित यथार्थबोध का परिचय दीजिए ।

(ङ) 'ठेस' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

(च) 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' कहानी की समस्या को स्पष्ट कीजिए ।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8+8=16**

(क) हिन्दी कहानी के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

(ख) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल एवं उसके बाद के निबंध विकास का परिचय दीजिए ।

(ग) उपन्यास के उद्‌भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए ।

(घ) द्विवेदी युगीन गद्य साहित्य का परिचय दीजिए ।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग **150** शब्दों में दीजिए : **5+5=10**

(क) आधुनिक काल की सामाजिक, साहित्यिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए ।

(ख) प्रसादोत्तर युगीन नाटकों की विशेषताएँ लिखिए ।

(ग) शुक्ल पूर्व युग के निबंध विकास परम्परा का परिचय दीजिए।

(घ) भारतेन्दुयुगीन नाटकों का परिचय दीजिए ।

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5+5=10**

(क) पारिभाषिक शब्दावली के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।

(ख) पारिभाषिक शब्दावली के गुण लिखिए ।

(ग) पारिभाषिक शब्दावली में सक्रिय राष्ट्रीयतावादी संप्रदाय का परिचय दीजिए ।

(घ) पारिभाषिक शब्दावली में अनेकरूपता के विभिन्न कारण हैं। उनको स्पष्ट कीजिए ।

**7.** निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1×8=8**

(क) चॉक के लिए हिन्दी शब्द निर्धारित है ।

(ख) सभी ज्ञान शाखाओं की अपनी कैसी शब्दावली है ?

(ग) 'एक इंच मुस्कान' किसकी रचना है ?

(घ) दो बंगला उपन्यासकारों के नाम लिखिए ।

(ङ) हिन्दी का पहला गीतिनाट्य कौनसा है ?

(च) मधूलिका बंदी बन कर कहाँ जाना चाहती है ?

(छ) 'गैंग्रीन' कहानी का पहला नाम क्या था ?

(ज) बसुमती गाँव में किस पद पर थी ?